Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 14-03-2006
Participants : Vasava Shri Mansukhbhai D.

>

Title : Need to suitably amend forest laws for facilitating the development of tribal areas in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात के पहाडी क्षेत्र विशोकर मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच एवं नर्मदा जिले में आदिवासी लोग निवास करते हैं जहां पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां पर स्कूल नहीं हैं, अस्पताल नहीं हैं, सडकें नहीं हैं। आदिवासी लोगों को अपने खेतों को सिंचाइ करने हेतु कोइ सिंचाइ सुविधा नहीं है। यहां पर बिजली नहीं मिल पा रही है। यहां के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है1 लोग तालाबों से गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं जिसके कारण यहां के आदिवासी लोगों में कइ तरह की बीमारी हो रही है। अगर कोइ आदमी बीमार हो जाता है तो उसको 12 से 14 किलोमीटर ढो कर अस्पताल ले जाया जाता है। इन पहाड़ी क्षेत्रों में विकास कार्य किये जाने शुरू नहीं किये जा सकते क्योंकि फॉरेस्ट रिजर्व एवं अन्य वन संबंधी कानून इन पहाड़ी क्षेत्रों का विकास होने नहीं देते हैं। इन कानूनों को यहां के लोग काला कानून कहते हैं।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि आदिवासी विकास संबंधी कार्यो को किये जाने में जो कानून बाधक है उन्हें दूर किया जाये।